राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन, राजस्थान

राज्यपाल श्री बागडे ने राजगढ़ स्थित भैरव धाम पहुंचकर की वहां पूजा अर्चना

राज्य के लोगों के सुख–समृद्धि और संपन्नता के लिए की कामना

जयपुर, 25 दिसम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को अजमेर के राजगढ़ स्थित मसाणिया भैरव धाम पहुंचकर उनकी पूजा–अर्चना की। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी भी इस दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने भैरूंजी से राज्य के लोगों की सुख–समृद्धि और संपन्नता के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल ने भैरव धाम के सर्व धर्म शक्ति स्तम्भ के 23 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भैरव शब्द ही भय से मुक्ति प्रदान करने वाला है।

राज्यपाल ने कहा कि भैरव काल के भी स्वामी हैं। इसलिए उन्हें 'काल–भैरव' भी कहा गया है। उन्होंने मसाणिया भैरव धाम के उपासक चम्पालाल जी महाराज का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे उपासक विरल होते हैं जो अपना सर्वस्व सेवा को अर्पण कर भगवान की शरण में यूं वास करते हैं। उन्होंने मसाणिया भैरव धाम प्रबंध समिति द्वारा अभाव ग्रस्त गांवों में टेंकर के जरिए पेयजल की आपूर्ति, जरूरतमंद परिवारों की मदद, नशा मुक्ति अभियान चलाकर कार्य करने की सराहना की।

श्री मसाणिया भैरव धाम, राजगढ़-अजमेर
मनोकामना पूरण